पंचदश बिहार विधान सभा

अष्टम् सत्र

<u>दैनिक विवरणिका</u>

संख्या-12 मंगलवार, दिनांक-05 मार्च, 2013 ई० ।

माननीय अध्यक्ष, श्री उदय नारायण चौधरी की अध्यक्षता में सभा की बैठक प्रारंभ हुई ।

समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 12.25 बजे अपराह्न तक ।

[1] <u>शपथ या प्रतिज्ञान</u> :-

निर्वाचन क्षेत्र सं०-131 कल्याणपुर (अ०जा०) से निर्वाचित मा० सदस्या श्रीमती मंजु कुमारी द्वारा शपथ लिया गया ।

[2] <u>प्रश्नोत्तर काल</u> :-

(i) 01 अल्प सूचित प्रश्न अपृष्ट ।

(ii) 10 तारांकित प्रश्न उत्तरित ।

(iii) 02 तारांकित प्रश्न क्रमांक 1261 सामान्य प्रशासन विभाग एवं क्रमांक 1265 कृषि विभाग को स्थानान्तरित ।

(iv) 01 तारांकित प्रश्न क्रमांक-1269 प्रश्न एवं ध्यानाकर्षण समिति को सुपूर्द ।

(v) 03 तारांकित प्रश्न अपृष्ट ।

(vi) 106 तारांकित प्रश्न अनागत ।

[3] <u>कार्यस्थगन</u> :-

आज दिनांक 05 मार्च, 2013 के लिए प्राप्त कार्यस्थगन की सूचना नियमानुकूल नहीं रहने के कारण आसन द्वारा इसे अमान्य किए जाने की घोषणा की गई ।

[4] <u>शून्यकाल</u> :-

शून्यकाल की सूचनान्तर्गत राज्य की विभिन्न समस्याओं की ओर निम्नांकित माननीय सदस्यों द्वारा सरकार का ध्यान आकृष्ट किया गया :-

(i) श्री दिनेश कुमार सिंह

(ii) श्रीमती पूनम देवी यादव

(iii) श्री कुमार शैलेन्द्र

(iv) श्री विनोद प्रसाद यादव

(v) श्री विजय कुमार सिन्हा

(vi) श्री संजय सिंह 'टाइगर'

(vii) श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह

(viii) श्री अरूण शंकर प्रसाद

(ix) डा० दाउद अली

(x) श्री प्रदीप कुमार

(xi) श्री राम नरेश प्रसाद यादव

(xii) श्री रणधीर कुमार सोनी

(xiii) श्री सुरेन्द्र प्रसाद सिन्हा (xiv) श्रीमती ज्योति देवी

(xv) श्री राजेश्वर राज

''इस दौरान विपक्षी सदस्यों द्वारा महाराष्ट्र में 'मनसे' द्वारा बिहार के बच्चों के साथ किए गए अभद्र व्यवहार का मामला उठाया गया जिसपर मा० उप मुख्यमंत्री द्वारा सरकार की ओर से स्थिति स्पष्ट की गई ।''

[5] <u>ध्यानाकर्षण सूचनाएँ</u> :-

(i) मा० सदस्य श्री भाई वीरेन्द्र एवं अन्य सभासदों का वित्त विभाग / गृह विभाग से संबंधित एवं दिनांक 27.02.2013 से स्थगित ध्यानाकर्षण सूचना का उत्तर दिनांक 07.03.2013 तक के लिए स्थगित हुआ ।

(ii) मा० सदस्य श्री अब्दुल बारी सिद्दिकी एवं अन्य सभासदों का गृह (आरक्षी) विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को मा० सदस्य द्वारा पढ़ा गया तथा इसका उत्तर दिनांक 08.03.2013 तक के लिए स्थगित हुआ ।

(iii) मा० सदस्य श्री अख्तरूल इसलाम शाहिन एवं अन्य सभासदों का निबंधन, उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को मा० सदस्य द्वारा पढ़ा गया तथा इसके उत्तर के लिए सरकार द्वारा समय लिया गया ।

(भोजनावकाश के बाद)

समय 2.00 बजे अप० से 5.05 बजे अप० तक ।

[6] <u>वित्तीय कार्य</u> :-<u>वित्तीय वर्ष 2013-14 के आय-व्ययक में सम्मिलित अनुदान की मांग पर वाद-विवाद तथा मतदान</u>:-

मा० प्रभारी मंत्री पथ निर्माण विभाग, श्री नंद किशोर यादव द्वारा विभाग से संबंधित अनुदान की मांग का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया ।

मा० सदस्या श्रीमती ज्योति रश्मि द्वारा राज्य सरकार की पथ निर्माण नीति पर विचार-विमर्श हेतु कटौती का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया तथा पक्ष रखा गया ।

अनुदान की मांग तथा कटौती प्रस्ताव पर वाद-विवाद में निम्नांकित माननीय सदस्यों ने भाग लिया :-

(i) श्री सत्यदेव सिंह (ii) श्री चन्द्रशेखर

(माननीय उपाध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

(iii) श्री कन्हैया कुमार (iv) श्री अवधेश कुमार राय

(v) श्री बीरेन्द्र कुमार सिंह (vi) श्री प्रमोद कुमार

(vii) डा० रणविजय कुमार (viii) श्री कुमार शैलेन्द्र

(ix) श्री पवन कुमार जायसवाल (x) श्री विजय कुमार सिन्हा

(माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

इस दरम्यान मा० नेता प्रतिपक्ष श्री अब्दुल बारी सिद्दिकी द्वारा सदन को सूचित किया गया कि आर० ब्लॉक चौराहे पर नियोजित शिक्षकों पर पुलिस द्वारा गोली चलाई जा रही है । उन्होंने इसपर सरकार से वक्तव्य की मांग की । माननीय संसदीय कार्य मंत्री द्वारा कल दिनांक 06.03.2013 को सरकार द्वारा वक्तव्य दिये जाने की सूचना दी गई । इसपर असंतोष प्रकट करते हुए विपक्ष के माननीय सदस्यगण सदन से बहिर्गमन कर गए ।

माननीय प्रभारी मंत्री पथ निर्माण विभाग द्वारा सरकार की ओर से वाद-विवाद का उत्तर दिया गया ।

तदुपरांत मा० सदस्या श्रीमती ज्योति रश्मि का कटौती प्रस्ताव सदन द्वारा अस्वीकृत हुआ तथा पथ निर्माण विभाग से संबंधित अनुदान की मांग का मूल प्रस्ताव ध्वनिमत से स्वीकृत हुआ ।

आसन द्वारा सदन की सहमति से सदन की अवधि का विस्तार आज के कार्यों के निष्पादन तक के लिए किया गया ।

मा० संसदीय कार्य मंत्री द्वारा सदन को सूचित किया गया कि आर० ब्लॉक चौराहे पर आंदोलन कर रहे नियोजित शिक्षकों पर गोली नहीं चलाई गई है । उनपर उन्हें नियंत्रित करने हेतु लाठी चार्ज एवं अश्रु गैस छोड़े गये हैं ।

[7] <u>निवेदन</u> :-

आसन द्वारा घोषणा की गई कि आज के लिए स्वीकृत कुल 23 निवेदनों को सदन की सहमति से संबंधित विभागों को भेज दिए जाएँगें ।

तत्पश्चात सभा की बैठक बुधवार, दिनांक 06.03.2013 के 11.00 बजे पूर्वाहन् तक के लिए स्थगित हुई ।

पटना

दिनांक-05.03.2013

फूल झा

प्रभारी सचिव,

बिहार विधान सभा, पटना ।